माध्यमिक अंग्रेज़ी

अंग्रेजी में स्वतंत्र लेखन का समर्थन करना

भारत में विद्यालय आधारित समर्थन के माध्यम से शिक्षक शिक्षा

www.TESS-India.edu.in

http://creativecommons.org/licenses/

संदेश

शिक्षकों को बाल केंन्द्रित कक्षा अभ्यास की ओर उन्मुख करने तथा शिक्षक प्रशिक्षण की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के उद्देश्यों को सम्मुख रखते हुए TESS-India राष्ट्रीय स्तर पर कार्यरत है। इस दिशा में TESS-India द्वारा मुक्त शैक्षिक संसाधन (Open Educational Resources) का विकास किया गया है । ये संसाधन शिक्षकों तथा शिक्षक–प्रशिक्षकों के वृत्ति विकास (Professional development) में लाभकारी एवं उपयोगी सिद्ध होंगे। राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद, बिहार के नेतृत्व में इन संसाधनों का स्थानीयकृत किया गया है, जिसके अन्तर्गत इनके उद्देश्य के मूल को बरकरार रखते हुए इनमें स्थानीय, भाषा, बोली, प्रथाओं, संस्कृतियों तथा नियमों को सम्मिलित किया गया है। इनका उपयोग शिक्षण कार्य में सहजता एवं सुगमता पूर्वक किया जा सकता है ।

राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद, बिहार के मार्गदर्शन में TESS-India द्वारा स्थानीय भाषा में तैयार मुक्त शैक्षिक संसाधन (Open Educational Resources) नेट पर आप सभी के लिए सुलभ उपलब्ध है ।

शुभकामनाओं सहित ।

(डॉ0 मुरली मनोहर सिंह)
निदेशक
एस0सी0ई0आर0टी0, बिहार

समीक्षा एवं दिशाबोध
डॉ. मुरली मनोहर सिंह, निदेशक राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, बिहार
डॉ. सैयद अब्दुल मोईन, विभागाध्यक्ष, अध्यापक शिक्षा विभाग, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, बिहार
डॉ. क़ासिम खुर्शीद, विभागाध्यक्ष, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्
डॉ. इम्तियाज़ आलम, विभागाध्यक्ष, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, बिहार
डॉ. स्नेहाशीष दास राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, बिहार
डॉ. अर्चना, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, बिहार
डॉ. रीता राय, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, बिहार
श्री तेज नारायण प्रसाद, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, बिहार

स्थानीयकरण
भाषा और शिक्षा
डॉ. ज्ञानदेव मणि त्रिपाठी, प्राचार्य, मैत्रेय कॉलेज ऑफ एडुकेशन एण्ड मैनेजमेंट, हाजीपुर, वैशाली
श्री सुमन सिंह, प्रखंड साधनसेवी, भगवानपुर हाट, सिवान
श्री कात्यायान कुमार त्रिपाठी, प्राथमिक विद्यालय चैलीटाल, पटना
श्री कृत प्रसाद, प्रखंड साधनसेवी, हिलसा, नालंदा
प्राथमिक अंग्रेज़ी
श्री अरशद रज़ा, सहायक शिक्षक, प्राथमिक विद्यालय, पचासा रहुई, नालंदा
श्री संतोष सुमन, सहायक शिक्षक, बालिका उच्च विद्यालय, महुआबाग
श्री शशि भूषण पाण्डेय, सहायक शिक्षक, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, मुकुन्दपुर, नालंदा
श्रीमती रचना त्रिवेदी, शिक्षिका, नोट्रेडेम अकादमी, पटना
माध्यमिक अंग्रेज़ी
श्री मणिशंकर, प्रधानाध्यापक, तारामणी भगवानसाव उच्च माध्यमिक विद्यालय, कोइलवर, भोजपुर
डॉ. ब्रजेश कुमार, शिक्षक, पी. एन. एंग्लो संस्कृत माध्यमिक विद्यालय, नया टोला, पटना
प्राथमिक गणित
श्री कृष्ण कान्त ठाकुर
श्री दिलीप कुमार, संकुल संसाधन केन्द्र समन्वयक, बुलनी हैदरपुर, नालंदा
श्री गोविन्द प्रसाद, प्रखंड साधनसेवी, चनपटिया, पश्चिमी चम्पारण
माध्यमिक गणित
डॉ. राकेश कुमार, भागलपुर डायट
श्री रिज़वान रिज़वी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सिलौटा चाँद, कैमूर
श्री इन्द्रभूषण कुमार, शिक्षक, सहयोगी माध्यमिक विद्यालय, हाजीपुर, वैशाली
प्राथमिक विज्ञान
श्री मनोज त्रिपाठी, प्रखंड साधनसेवी, बरहारा, भोजपुर
श्री शशिकान्त शर्मा, प्रखंड साधनसेवी, आरा, भोजपुर
श्री रणबीर सिंह, संकुल संसाधन केन्द्र समन्वयक, आदर्श आवासीय मध्य विद्यालय शिक्षक संघ, सहरसा
माध्यमिक विज्ञान
श्री जी.वी.एस.आर प्रसाद
श्री मुकुल कुमार, शिक्षक, सहायक शिक्षक, गोरखनाथ सूर्यदेव माध्यमिक विद्यालय, राजापाकर वैशाली

TESS-India (Teacher Education Through School Based Support) का लक्ष्य है भारत में मुक्त शैक्षिक संसाधनों के द्वारा प्राथमिक और माध्यमिक स्तरों पर शिक्षकों के कक्षा अभ्यासों को बेहतर करना। ये संसाधन शिक्षकों के छात्र–केन्द्रित, भागीदारी दृष्टिकोण को विकसित करने में सहायता करेंगे।

TESS-India के मुक्त शैक्षिक संसाधन (Open Education Resources – OERs) शिक्षकों को स्कूल की पाठ्यपुस्तक के लिए सहायक पुस्तिका प्रदान करते हैं। ये संसाधन शिक्षकों के लिए गतिविधियाँ प्रदान करते हैं जो वे कक्षा में अपने छात्रों के साथ कर सकते हैं। साथ ही इनमें केस स्टडी भी हैं जो ये दर्शाते हैं कि किस प्रकार दूसरे शिक्षकों ने उस विषय को सिखाया है। संबंधित संसाधन शिक्षकों को पाठ योजना बनाने में और विषय पर ज्ञान वर्धन करने में उनकी सहायता करते हैं।

TESS-India के मुक्त शैक्षिक संसाधन भारतीय पाठ्यक्रम और संदर्भों के अनुकूल हैं। ये *भारतीय तथा अतंर्राष्ट्रीय लेखकों के सहयोग से तैयार* किये गये हैं *और ये ऑनलाइन तथा प्रिंट उपयोग के लिए उपलब्ध है (http://www.tess-india.edu.in)* / मुक्त शैक्षिक संसाधन अनेकों संस्करणों में उपलब्ध हैं जो प्रत्येक राज्य के लिए उपयुक्त है जहाँ TESS India कार्यरत है। उपयोगकर्ता इन संसाधनों को अनुकूल और स्थानीयकृत करने के लिए स्वतंत्र हैं ताकि ये स्थानीय आवश्यकताओं और संदर्भों को पूरा कर सकें।

TESS-India मुक्त विश्वविद्यालय, ब्रिटेन के नेतृत्व में तथा ब्रिटेन की सरकार द्वारा वित्त-पोषित है।

वीडियो संसाधन

इस इकाई की कुछ गतिविधियों के साथ निम्न प्रतीक का उपयोग किया गया है: *. इससे संकेत मिलता है कि निर्दिष्ट अध्यापन संबंधी थीम के लिए TESS-India वीडियो संसाधनों को देखना आपके लिए उपयोगी होगा।*

TESS-India वीडियो संसाधन भारत में अनेक प्रकार की कक्षाओं के संदर्भ में मुख्य अध्यापन तकनीकों का वर्णन करते हैं। हमें आशा है कि वे आपको इसी प्रकार के अभ्यासों के साथ प्रयोग करने के लिए प्रेरित करेंगे। उनका उद्देश्य पाठ (टेक्स्ट) पर आधारित इकाइयों के माध्यम से काम करने के आपके अनुभव का पूरक होना और उसे बढ़ाना है।

TESS-India वीडियो संसाधनों को ऑनलाइन देखा या TESS-India की वेबसाइट, http://www.tess-india.edu.in/ से डाउनलोड किया जा सकता है। वैकल्पिक रूप से, आप ये वीडियो सीडी या मेमोरी कार्ड के माध्यम से भी देख सकते हैं।

संस्करण *2.0 SE06v1*
Bihar

तृतीय पक्षों की सामग्रियों और अन्यथा कथित को छोड़कर, यह सामग्री क्रिएटिव कॉमन्स एट्रिब्यूशन-शेयरएलाइक लाइसेंस के अंतर्गत उपलब्ध कराई गई है: http://creativecommons.org/licenses/by-sa/3.0/

TESS-India is led by The Open University UK and funded by UK aid from the UK government

यह इकाई किस बारे में है

मेरे छात्र–छात्राओं से माध्यमिक स्तर पर अंग्रेजी में लिखने में सक्षम होने की अपेक्षा की जाती है। हम जो लेखन गतिविधियाँ करते हैं उनमें से अधिकांश में उनके द्वारा ब्लैकबोर्ड से उत्तरों की नकल करना या निबंधों और अन्य रचनाओं को याद करना शामिल होता है। अंग्रेजी में खुद लिखने में मैं उनकी मदद कैसे कर सकती हूँ?

माध्यमिक विद्यालय के छात्र–छात्राओं से विभिन्न पाठों को अंग्रेजी में लिखने की अपेक्षा की जाती है। इसमें सीखे जाने वाले शब्दों; व्याकरण के बारे में नोट्स, या बोध संबंधी प्रश्नों के उत्तरों जैसे वाक्यों से लेकर अधिक लंबे पाठ, जैसे रचनाएं, कहानियाँ, पत्र, रिपोर्टें, आवेदन पत्र इत्यादि शामिल हो सकते हैं। इस प्रकार के पाठों में छात्र–छात्राओं को अपने स्वयं के विचारों और भाषा का उपयोग करते हुए लेखन के माध्यम से संप्रेषण करना आवश्यक होना चाहिए। तथापि, छात्र–छात्रा जो कुछ लिखते हैं वह प्रायः पाठ्यपुस्तक या ब्लैकबोर्ड से नकल किया जाता है, या वे बोलकर लिखवाए गए या याद किए गए उत्तर लिख देते हैं। अधिकांश छात्र–छात्रा पाठों की रचना स्वयं नहीं करते हैं।

यथापि इस नकल और याद करने से कुछ छात्र–छात्राओं को परीक्षा में मदद मिल सकती है, पर इससे उन्हें उन कौशलों का विकास करने में मदद नहीं मिलती है जिनकी उन्हें असली जीवन के प्रयोजनों के लिए स्वतंत्र रूप से अंग्रेजी में लिखने के लिए जरूरत पड़ती है। स्वतंत्र रूप से लिखने में आपके छात्र–छात्राओं द्वारा किसी बात को संप्रेषित करने के लिए अपने खुद के विचारों और स्वयं अपनी भाषा का उपयोग करना शामिल होता है। यह एक ऐसा कौशल है जो उनके भविष्य के निजी और प्रोफेशनल जीवन के लिए उपयोगी होगा। इसके अलावा, भावनाओं और विचारों के बारे में लिखने से आपके छात्र–छात्राओं को आलोचनात्मक और कल्पनाशील ढंग से सोचने का अवसर मिलता है। छात्र–छात्रा स्वतंत्र रूप से लिखने के कौशलों और आत्मविश्वास को विकसित करेंगे यदि उन्हें अपने विचारों के बारे में बात करने और उनके बारे में बोलने तथा लिखने का अभ्यास करने के बहुत सारे अवसर मिलें। उनका 'अच्छी' भाषा के उदाहरणों को देखना – और उनकी नकल करना – उनके लिए पर्याप्त नहीं है। स्वयं को व्यक्त करने का प्रयास करके छात्र–छात्रा बेहतर लेखक भी बन सकते हैं।

यह इकाई दो कार्यनीतियों का अध्ययन करती है जिनका उपयोग आप अपने छात्र–छात्राओं को नकल करके और याद करके लिखने के बदले अपने स्वयं से लिखने के लिए प्रेरित कर सकते हैं:

- चुने गए विषय पर छात्र–छात्राओं की बातचीत को सुगम बनाना। एक दूसरे से और आपसे बातचीत करके छात्र–छात्रा अपने विचारों को साझा और विकसित करते हैं। इससे उन्हें अपने विचारों को लिखकर व्यक्त करने के लिए भाषा के साथ अभ्यास करने और प्रयोग करने का भी अवसर मिलता है।
- छात्र–छात्राओं को स्वतंत्र रूप से लिखने के अध्यापन में उन्हें ऐसी भाषा सुलभ कराना शामिल होता है जिस पर वे अपने लेखन को आधारित कर सकते हैं।

जब छात्र–छात्रा स्वतंत्र रूप से लिखते हैं, तो उनसे गलतियाँ होती हैं। यह भाषा को सीखने की प्रक्रिया का सहज भाग है। गलतियों को देखकर और उन्हें रिकार्ड करके, आप अपनी सकारात्मक और प्रोत्साहक प्रतिक्रिया के माध्यम से छात्र–छात्राओं के सीखने की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी ढंग से दिशा दे सकते हैं।

आप इस इकाई में सीख सकते हैं

- छात्र–छात्राओं के लेखन के विकास में सहायता के लिए छात्र–छात्राओं की बातचीत को सुगम बनाना।

- छात्र–छात्राओं के लेखन के लिए मॉडल सुलभ कराना।
- अपने छात्र–छात्राओं के लेखन कार्य में सुधार को व्यवस्थित करने के उपायों की व्याख्या करना।

1 छात्र–छात्रा लेखन में सहायता के लिए चर्चा का उपयोग करना

छात्र–छात्राओं से अंग्रेजी के किसी पाठ या गद्यांश के बारे में बोध संबंधी प्रश्नों के उत्तर लिखने की अपेक्षा की जाती है, जैसा निम्नलिखित उदाहरण में दर्शाया गया है। कक्षा 8 के छात्र–छात्रा एन.सी.ई.आर.टी. की पाठ्यपुस्तक 'Honeydew', के नामक एक गद्यांश का अध्ययन करते हैं जो एवरेस्ट पर्वत के शीर्ष पर पहुँचने वाले किसी व्यक्ति के बारे में है। पाठ को पढ़ने के बाद, उनसे निम्न प्रश्नों का उत्तर देने की अपेक्षा की जाती है:

Answer the following questions:

(i) What are the three qualities that played a major role in the author's climb?

(ii) Why is adventure, which is risky, also pleasurable?

(iii) What was it about Mount Everest that the author found irresistible?

(iv) One does not do it (climb a high peak) for fame alone. What does one do it for, really?

(v) 'He becomes conscious in a special manner of his own smallness in this large universe.' This awareness defines an emotion mentioned in the first paragraph. What is this emotion?

(vi) What were the 'symbols of reverence' left by members of the team on Everest?

(vii) What, according to the writer, did his experience as an 'Everester' teach him?

ज़रा सोचिए

- क्या आपने यह पाठ पढ़ाया है? यदि हाँ, तो क्या आपने इन प्रश्नों का उत्तर देने में अपने छात्र–छात्राओं की मदद की है? यदि आपने पाठ नहीं पढ़ाया है, तो प्रश्नों का उत्तर उनके अपने शब्दों में देने में आप छात्र–छात्राओं की मदद कैसे करेंगे?
- कुछ शिक्षक/शिक्षिका छात्र–छात्राओं को ब्लैकबोर्ड से उत्तरों की नकल करने को कहते हैं। लेकिन जब छात्र–छात्रा ऐसा करते हैं, तो यह जानना कठिन होता है कि उन्होंने प्रश्न या पाठ को समझ लिया है या नहीं। छात्र–छात्राओं द्वारा वाक्यों या अनुच्छेदों की नकल कर लेने का मतलब यह नहीं होता कि वे जो लिख रहे हैं उसे समझते हैं। साथ ही, नकल करते समय, छात्र–छात्रा अंग्रेजी का अधिक अभ्यास नहीं करते हैं। इससे उनकी वर्तनी (स्पेलिंग) में मदद मिल सकती है, किंतु वे इस बारे में नहीं सोचते हैं कि भाषा कैसे काम करती है। यदि छात्र–छात्रा स्वयं अपने वाक्य और पाठ लिखते हैं, तो उन्हें व्याकरण – कालों और संरचनाओं – और शब्दावली के बारे में सोचना पड़ेगा। वे जो कुछ कहना चाहते हैं उसके अर्थ पर ध्यान केंद्रित करते हैं, और इससे भाषा का स्वतंत्र रूप से उपयोग करने में सक्षम होने में उन्हें सहायता मिलती है।

इस तरह के प्रश्नों के प्रति अपने उत्तर लिखने में छात्र–छात्राओं की मदद करने का एक तरीका है उन्हें प्रश्नों पर चर्चा करने देना। जब आप अपने छात्र–छात्राओं को इससे पहले कि वे उत्तर लिखें, जोड़ियों या समूहों में प्रश्नों पर चर्चा करने के लिए समय देते हैं, तो उन्हें, एक दूसरे से सीखते हुए, जो कुछ वे समझते हैं उसे एक दूसरे को समझाना होता है। बातचीत करने और सोचने के लिए समय मिलने और सहपाठियों के साथ चर्चा करने से आपके छात्र–छात्राओं को स्वतंत्र रूप से वाक्य लिखने के लिए पहले कदम उठाने में मदद मिल सकती है।

वीडियो: सीखने के लिए बातचीत

2 समूहकार्य के माध्यम से विचारों पर चर्चा करना

यदि छात्र–छात्रा स्वयं से लिखने के आदी नहीं हैं तो उनसे ऐसा करने को कहना काफी बड़ा कदम हो सकता है। लेकिन छोटे समूहों में काम करके, छात्र–छात्रा पाठ को समझने, अपने विचारों को विकसित करने और भाषा का अभ्यास करने में एक दूसरे की सहायता कर सकते हैं जिसका उपयोग वे फिर अपने लिखित उत्तरों में कर सकते हैं।

गतिविधि 1: कक्षा में आजमाएं – पाठ्यपुस्तक के प्रश्नों का उत्तर समूहों में देना

एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक के 'The Summit Within', नामक गद्यांश में छात्र–छात्राओं से कई बोध संबंधी प्रश्नों का उत्तर अंग्रेजी में देने की अपेक्षा की जाती है।

अगली बार जब आप इस तरह की गतिविधि वाला कोई पाठ पढ़ाएं, तब अपने छात्र–छात्राओं से पाठ के अंत में बोध संबंधी प्रश्नों का उत्तर समूहों में देने को कहें। इससे उन्हें एक दूसरे के साथ विचारों को विकसित करने और प्रश्नों का मिलकर उत्तर देने के लिए उपयुक्त भाषा को चुनने और प्रयोग करने का अवसर मिलेगा।

1. कक्षा में, छात्र–छात्राओं को चार के समूहों में बाँटें। यदि वे बेंचों पर बैठे हैं, तो पहली बेंच के छात्र–छात्राओं को पीछे की ओर घूमने को कहें ताकि वे दूसरी बेंच पर बैठे छात्र–छात्राओं के सम्मुख हो जायं। ऐसा ही अन्य पंक्तियों के साथ दोहराएं ताकि बिना अधिक शोर के समूह बन जाएं। प्रत्येक समूह से एक छात्र–छात्रा को 'सेक्रेटरी' बनने के कहें जो उत्तर लिखता है। समूहकार्य पर अधिक जानने के लिए देखें संसाधन 1।
2. छात्र–छात्राओं को प्रश्नों के उत्तरों पर चर्चा करने और फिर उन्हें लिखने को कहें। उन्हें बताएं कि उन्हें पाठ से वाक्यों की सीधे नकल नहीं करनी चाहिए। इस काम के लिए उन्हें एक समय सीमा दें (उदाहरण के लिए, दस मिनट)।
3. समूहों के पास घूमें और उनके काम का अनुश्रवण (monitoring) करें। इससे सुनिश्चित होता है कि छात्र–छात्रा समझें कि वे क्या कर रहे हैं, और समस्याओं पर चर्चा करने में अधिक आश्वस्त महसूस करें। सुनिश्चित करें कि सभी छात्र–छात्राओं को चर्चा में भाग लेने का अवसर मिले।
4. जब वे काम पूरा कर लें, तब दो या तीन समूहों से एक प्रतिनिधि से उत्तर को ऊँची आवाज में पढ़ने को कहें। कक्षा में उत्तरों पर और उन्हें कैसे सुधारा जा सकता है, इस बात पर चर्चा करें। यदि संभव हो, तो प्रत्येक समूह के प्रश्नों और उत्तरों की जाँच करें।

वीडियो: समूहकार्य का उपयोग करना

ज़रा सोचिए

- इस गतिविधि को आजमाने के बाद आपके सोचने के लिए यहाँ एक प्रश्न है। यदि संभव हो, तो किसी सहकर्मी के साथ इस प्रश्न पर चर्चा करें।
- पाठ के बाद, अपने छात्र–छात्राओं की सीखने की प्रक्रिया के बारे में सोचें। क्या इस गतिविधि ने जो कुछ उन्होंने समझा था उसे एक दूसरे से साझा करने में उन्हें संलग्न किया?

पाठ्यपुस्तक के गद्यांशों के बारे में प्रश्नों का उत्तर देने के लिए छात्र–छात्राओं से मिलकर काम कराने से उन्हें इन प्रश्नों के लिए उत्तर लिखने के कौशलों और आत्मविश्वास का निर्माण करने में मदद मिल सकती है। छात्र–छात्राओं की समझ को आगे बढ़ाने का एक तरीका है उनसे पाठ के बारे में स्वयं अपने बोध संबंधी प्रश्नों की रचना करने को कहना।

गतिविधि 2: कक्षा में आजमाएं – पाठ के बारे में प्रश्न और उत्तर लिखने में छात्र–छात्राओं की मदद करना

आप इस गतिविधि को किसी भी पाठ या गद्यांश, और किसी भी कक्षा के साथ आजमा सकते हैं।

1. गतिविधि 1 की तरह समूहकार्य करायें।
2. अलग–अलग समूहों से पाठ के अलग–अलग अनुच्छेदों में से पढ़ने को कहें। उदाहरण के लिए, समूह 1 पहले दो अनुच्छेदों को देख सकता है; समूह 2 तीसरे और तौथे अनुच्छेदों में से पढ़ सकता है; इत्यादि। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता यदि कई समूह समान अनुच्छेदों को देख रहे हैं।
3. प्रत्येक समूह से उनके द्वारा पढ़े गए पाठ के खंड के बारे में तीन प्रश्न लिखने को कहें – इन प्रश्नों द्वारा पाठ के बारे में छात्र–छात्राओं की समझ की परख करनी चाहिए। समूहों में काम करना शुरू करने से पहले पूरी कक्षा को अपने वाँछित प्रश्नों के प्रकार के कुछ उदाहरण दें। गतिविधि के लिए समय सीमा दें (उदाहरण के लिए, दस मिनट)।
4. छात्र–छात्राओं से अपने प्रश्नों और उन प्रश्नों के सही उत्तरों पर चर्चा करने को कहें। समूह के सेक्रेटरी से ये प्रश्न और उत्तर लिखवाएं।
5. जब छात्र–छात्रा अपने प्रश्न लिखना समाप्त कर लें, तब समूहों से अपने प्रश्नों की अदलाबदली करने को कहें, ताकि हर समूह को उनके द्वारा लिखे गए प्रश्नों से अलग प्रश्नों का सेट मिले।
6. छात्र–छात्राओं से चर्चा करने और प्रश्नों के उत्तर लिखने को कहें। उन्हें बताएं कि उन्हें पाठ्यपुस्तक से उत्तरों की नकल नहीं करनी चाहिए। एक बार फिर, उन्हें समय सीमा दें।
7. समूहों के इर्दगिर्द घूमें और उनके काम का अनुश्रवण करें। इससे सुनिश्चित होता है कि छात्र–छात्रा समझते हैं कि वे क्या कर रहे हैं और समस्याओं पर चर्चा करने के बारे में अधिक आश्वस्त महसूस करते हैं।
8. दो या तीन समूहों से एक या दो प्रश्नों और उत्तरों को ऊँची आवाज में पढ़ने को कहें; उत्तरों पर, और उन्हें कैसे सुधारा जा सकता है, इस बात पर चर्चा करें। यदि संभव हो, तो प्रत्येक समूह के प्रश्नों और उत्तरों की जाँच करें।

ज़रा सोचिए

- इस गतिविधि को आजमाने के बाद यहाँ आपको विचार करने के लिए कुछ प्रश्न दिए गए हैं। यदि संभव हो, तो इन प्रश्नों की चर्चा किसी सहकर्मी के साथ करें।
- पाठ के बाद, अपने छात्र–छात्राओं की सीखने की प्रक्रिया के बारे में सोचें। क्या ऐसे समूह थे जिन्हें प्रश्न लिखना कठिन लगा? अगली बार जब आप यह अभ्यास करेंगे तब आप उनकी मदद कैसे करेंगे?

ऐसे तरीके उपलब्ध हैं जिनसे आप अपने छात्र–छात्राओं को उनके उत्तर लिखने के लिए आवश्यक कुछ भाषा उन्हें देकर उनके लेखन में सहायता देने में मदद कर सकते हैं। आप निम्नलिखित केस स्टडी में इसके बारे में अधिक जानेंगे।

केस स्टडी 1: श्री मनोज कुमार बोध संबंधी प्रश्नों के साथ छात्र–छात्राओं की चर्चा का उपयोग करते हैं।

श्री मनोज कक्षा 8 को अंग्रेजी पढ़ाते हैं। हाल ही में उन्होंने पाठ से नकल किए बिना बोध संबंधी प्रश्नों के उत्तर देने में अपने छात्र–छात्राओं की मदद करने की तकनीक आजमाई, और इसमें छात्र–छात्राओं से समूहों में काम करवाना शामिल था। वह पाठ था 'The Summit Within' from Honeydew*, NCERT's textbook for Class VIII.*

एक पठन-पूर्व अभ्यास करने के बाद, हमने गद्यांश 'The Summit Within' मिलकर पढ़ा। जब हमने काम समाप्त किया, मैंने पहले छात्र–छात्राओं से पूछा कि पाठ किस बारे में था ताकि इस बात की सामान्य जानकारी हो सके कि उन्होंने समझा था या नहीं। फिर मैं पठन-पश्चात् गतिविधि की ओर बढ़ा, जिसमें पाठ के अंत के बोध संबंधी प्रश्नों का उत्तर देना शामिल था। मैंने तय किया कि पहले प्रश्न का उत्तर हम सब मिलकर एक कक्षा के रूप में देंगे।

मैंने अपने छात्र–छात्राओं से पहला बोध संबंधी प्रश्न पढ़ने को कहा: 'What are the three qualities that played a major role in the author's climb?' मैंने उनसे प्रश्न का अनुवाद करने को कहकर सुनिश्चित किया कि उन्होंने उसे समझा। फिर मैंने अपने छात्र–छात्राओं को उत्तर शुरू करने के लिए उपयोगी वाक्यांशों की एक सूची दी, जैसे: 'The three qualities that played a major role are …'.

मैंने उनसे पहला अनुच्छेद पढ़ने और उन वाक्यों को रेखांकित करने को कहा जिनमें उत्तर मौजूद था। छात्र–छात्राओं ने निम्नलिखित को रेखांकित किया:

> The simplest answer would be, as others have said, 'Because it is there.' It presents great difficulties. Man takes delight in overcoming obstacles. The obstacles in climbing a mountain are physical. A climb to a summit means endurance, persistence and will power.

मैंने उनसे ठीक उन्हीं शब्दों को ढूंढने को कहा जो उन तीन गुणों का वर्णन करते थे। अधिकांश छात्र–छात्राओं ने उत्तर दिया 'endurance', 'persistence' और 'will power', लेकिन कुछ ने मुझसे पूछा कि क्या 'overcoming obstacles' एक और महत्वपूर्ण बिंदु नहीं था।

मैं खुश था कि छात्र–छात्रा अपनी खोज को उन सबसे उपयुक्त शब्दों तक सीमित कर सके जो प्रश्न का उत्तर दे सकते थे। तब मैंने उनसे तीन गुणों की उनकी सूची में 'overcoming obstacles' को शामिल करने का तरीका खोज निकालने को कहा।

मैंने उन्हें दिखाया कि बिंदुओं को संगठित करके एक सही आरंभ और अंत वाला उपयुक्त उत्तर कैसे प्राप्त करना चाहिए। मैंने यह भी सुनिश्चित किया कि वे उत्तर लिखते समय क्रिया के काल में परिवर्तन को भी नोट करें: 'are' बदल कर 'were' हो जाएगा, इत्याादि। वाक्यों में आवश्यक परिवर्तन करने के बाद, उन्हें जो प्राप्त हुआ वह यह है:

> The three qualities that played a major role in the author's climb were endurance, persistence and will power for overcoming obstacles.

मैंने उन्हें उसी उत्तर को लिखने के अन्य तरीके दिखाए, जैसे:

> Endurance, persistence and will power for overcoming obstacles were the three qualities that played a major role in the author's climb.

मैं चाहता था कि कक्षा शेष प्रश्नों के उत्तर समूहों में दे। मैंने कक्षा से चार के समूहों में काम करने, और मिलकर काम करके शेष प्रश्नों के उत्तरों की रचना करने को कहा। मैंने उनके उत्तरों में उपयोग करने के लिए उन्हें पाठ से कुछ शब्द और वाक्यांश दिए। लेकिन मैंने उन्हें याद दिलाया कि उन्हें उनके अपने शब्दों का उपयोग करना चाहिए, और सीधे पाठ से वाक्यों की नकल नहीं करनी चाहिए। मैंने उन्हें अपने उत्तर लिखने के लिए कुछ समय दिया, और कमरे में घूमते हुए यदि किसी छात्र–छात्रा को जरूरत हुई तो उसकी मदद की।

जब समय समाप्त हो गया, तो मैंने किसी अलग समूह से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर देने को कहा। समूह ने जो उत्तर दिया मैंने उसे ब्लैकबोर्ड पर लिखा और हमने चर्चा की कि वह प्रश्न का उत्तर है या नहीं, और क्या समूह ने अपने उत्तरों को पूरा करने के लिए पाठ से लिए गए अपने लिए जरूरी महत्वपूर्ण शब्दों और वाक्यांशों के अलावा स्वयं अपने शब्दों का उपयोग किया था या नहीं। समूह द्वारा की गई किसी भी गलती को भी मैंने सुधारा।

कक्षा के समाप्त होने तक, मेरे छात्र–छात्रा प्रश्नों का उत्तर देने का काम बेहतर ढंग से करने लगे थे। मैंने वास्तव में देखा कि चर्चा और उत्तरों के साथ जरा सी मदद से, छात्र–छात्रा गतिविधि को करने में काफी अधिक सक्षम हो गए थे, और उन्हें अपने आप पर भी विश्वास होने लगा था।

3 भाषा का मॉडल बनाकर स्वतंत्र रूप से लिखने में छात्र–छात्राओं की सहायता करना।

केस स्टडी 1 में, शिक्षक ने उत्तर का मॉडल देकर और छात्र–छात्राओं को उनके उत्तरों की रचना करने के लिए आवश्यक कुछ भाषा देकर पाठ के बारे में प्रश्नों के उत्तर लिखने में छात्र–छात्राओं की मदद की। छात्र–छात्राओं को लिखने का मॉडल या प्रारूप (ढाँचा) देने से उन्हें स्वतंत्र रूप से लिखने के लिए जरूरी कौशलों का धीरे-धीरे विकास करने में मदद मिलती है।

यहाँ कुछ अलग अलग तरीके दिए गए हैं जिनसे आप दे सकते हैं:

- **लापता शब्द:** ऐसा पाठ प्रदान करें जिसमें से शब्द या वाक्य गायब हों, और जिन्हें छात्र–छात्राओं को स्वयं पूरा करना है। ऐसे शब्दों या लघु गद्यांशों को छोड़ दें जिन्हें छात्र–छात्रा किसी पढ़ने के गद्यांश में खोज सकते हैं। इससे छात्र–छात्राओं को बहुत सहायता मिलती है, और यह सुविख्यात कहानियों या पाठ के सारांशों के साथ उपयोगी होता है, उदाहरण के लिए:

Anne Frank had a father, a mother and _____. She was born in _____ in _____. The family emigrated to _____, and she went to _____.

- **मॉडल:** कोई पूरा पाठ दें जिसे छात्र–छात्रा अपने स्वयं के संदर्भों के अनुसार बदल सकते हैं। उदाहरण के लिए, अपनी माँ या पिता का विवरण दें, और छात्र–छात्राओं से उनकी माँ या पिता का वर्णन करने के लिए मुख्य शब्दों को बदलने को कहें। जो छात्र–छात्रा लिखने में अधिक आश्वस्त हों वे अधिक परिवर्तन कर सकते हैं और अपनी स्वयं की भाषा का अधिक उपयोग कर सकते हैं।
- **लिखने का प्रारूप (ढाँचा):** पाठ का कोई ऐसा लिखने का कोई ऐसा ढाँचा प्रदान करें जो छात्र–छात्राओं को अनुसरण करने के लिए कोई संरचना देता है: उदाहरण के लिए, कोई औपचारिक पत्र। आप छात्र–छात्राओं को अधिक जानकारी देकर उनकी अधिक सहायता कर सकते हैं: वाक्य, वाक्यों के संकेत, महत्वपूर्ण शब्दावली इत्यादि। जब छात्र–छात्रा औपचारिक पत्र लिखने से अधिक परिचित हो जाएं, तो आप उनकी सहायता को कम कर सकते हैं (नमूना लेखन ढाँचे के लिए देखें संसाधन 2)।

अब अगले केस स्टडी में पढ़ें कि एक शिक्षक 'लापता शब्द' तकनीक का उपयोग कैसे करता है।

केस स्टडी 2: श्रीमती चंचला लंबे पाठों को लिखने में अपने छात्र–छात्राओं की सहायता करती हैं

श्रीमती चंचला कक्षा 9 को अंग्रेजी पढ़ाती हैं। उन्होंने हाल ही में अंग्रेजी में स्वतंत्र रूप से लिखने में अपने छात्र–छात्राओं की मदद करने के लिए एक गतिविधि आजमाई जिसमें उन्होंने पाठ के अंत में एक लेखन गतिविधि करने के लिए जरूरी भाषा देकर उनकी सहायता की।

जिस पाठ का हम अध्ययन कर रहे थे (NCERT Class IX textbook *Beehive*), उसके अंत में एक लेखन कार्य था:

> Pets have unique care and handling requirements and should only be kept by those with the commitment to understand and meet their needs. Give your argument *in support of* or *against* this statement.

मैं जानती थी कि मेरे अधिकतर छात्र–छात्राओं के लिए यह अनुच्छेद लिखना बहुत कठिन होगा – सबसे पहले तो, उन्हें यह भी पता नहीं होगा कि क्या कहें! इसलिए मैंने अपने छात्र–छात्राओं से इस बात पर चर्चा करते हुए कुछ मिनट बिताने को कहा कि पालतू जानवरों की जरूरतें क्या होती हैं। इससे उन्हें इस बारे में कुछ विचार उत्पन्न करने का मौका मिला कि वे क्या लिखना चाहते हैं। जब वे बात कर रहे थे, तब मैंने बोर्ड पर निम्नलिखित वाक्य लिखे:



यह काम पूरा कर लेने के बाद, मैंने छात्र–छात्राओं से कुछ सुझाव देने को कहा। कुछ छात्र–छात्राओं ने अपने हाथ उठाए और सुझाव दिया कि जानवरों को भोजन, पानी और यदि वे बीमार हों तो उनकी देखभाल करने वाले किसी व्यक्ति की जरूरत पड़ती है। तब मैंने बोर्ड पर कुछ और वाक्य लिखे।



मैंने अपनी कक्षा से हाथ उठाने को कहा यदि उनके विचार से वैसे लोग जो जरूरतें पूरी नहीं कर सकते हैं उन्हें पालतू जानवर रखने की अनुमति नहीं मिलनी चाहिए। कुछ ही छात्र–छात्राओं ने अपने हाथ उठाएं – बस कुछ ही। मैंने अमित से पूछा वह ऐसा क्यों सोचता है। उसने कहा शायद लोग सभी जरूरतें पूरी नहीं कर सकते होंगे, लेकिन हो सकता है वे कुछ जरूरतें पूरी कर सकते हैं, और यह जानवर के लिए कुछ भी न होने से बेहतर होगा। उसने यह बात अपनी घर की भाषा में कही, इसलिए मैंने कक्षा के अन्य छात्र–छात्राओं से पूछा कि क्या वे इसे अंग्रेजी में कहने में उसकी मदद कर सकते हैं। उन लोगों ने मिलकर एक उत्तर तैयार किया।

तब मैंने कक्षा से अपने हाथ उठाने को कहा यदि वे सोचते हैं कि केवल उन लोगों को पालतू जानवर रखने की अनुमति होनी चाहिए जो उनकी जरूरतें पूरी कर सकते हैं। अधिकांश छात्र–छात्राओं ने अपने हाथ उठाए। उन्होंने सोचा कि अगर वे अन्यथा करेंगे तो यह पालतू जानवरों के साथ अन्याय होगा। देवांग सोचता था कि पालतू जानवर परिवार के सदस्यों जैसे होते हैं। मैंने अपनी राय प्रकट करने के लिए उसकी प्रशंसा की और फिर यह बात अंग्रेजी में कहने में उसकी सहायता की। अब मैंने एक और वाक्य जोड़ा:



अब ब्लैकबोर्ड पर एक मॉडल अनुच्छेद था। मैंने छात्र–छात्राओं से अनुच्छेद को लिखने और उसे अपने खयालों और विचारों से पूरा करने को कहा। जब छात्र–छात्रा काम कर रहे थे तब किसी भी प्रश्न के साथ मदद करने, और जहाँ मुझसे हो सका गलतियों को सुधारने के लिए मैं कक्षा में घूमती रही। अंत में, प्रत्येक छात्र–छात्रा ने एक अनुच्छेद लिखा था, और मैंने अधिक आश्वस्त छात्र–छात्राओं को अधिक लिखने, और अधिक कारण देने के लिए प्रोत्साहित किया। मैंने एक या दो छात्र–छात्राओं से अपने अनुच्छेद पढ़कर सुनाने को कहा। इसके परिणामस्वरूप पशु कल्याण के बारे में एक काफी दिलचस्प चर्चा हुई। मैंने कभी अपेक्षा नहीं की थी कि छात्र–छात्रा इतने सारे दिलचस्प विचार पेश करेंगे। उन्हें सहायता प्रदान करने से, वे अपने विचारों को अंग्रेजी में व्यक्त करने में सक्षम हो गए थे। इस प्रकार की गतिविधियाँ अपने लेखन को सुधारने में मेरे छात्र–छात्राओं की निश्चित रूप से सहायता कर रही हैं, इसलिए मैं उन्हें आजमाना जारी रखूँगी। [अपने छात्र–छात्राओं की सहायता करने पर अधिक जानकारी के लिए, देखें संसाधन 3।]

वीडियो: अनुश्रवण करना और प्रतिपुष्टि (फीडबैक) देना

गतिविधि 2: कक्षा में आजमाएं – अपने छात्र–छात्राओं को लंबे पाठ को स्वतंत्र रूप से लिखने में सहायता करना

यह गतिविधि आपके छात्र–छात्रा को अधिक लंबा पाठ लिखने में सहायता करती है। आप इसे किसी भी कक्षा में उपयोग में ला सकते हैं।

1. अपनी पाठ्यपुस्तक से कोई लेखन कार्य चुनें या कोई लेखन कार्य बनाएं। उदाहरण के लिए, आप कोई कहानी अथवा कहानी या पाठ का सारांश; कोई औपचारिक या अनौपचारिक पत्र; किसी अखबार या पत्रिका से कोई रिपोर्ट या लेख; कोई आवेदन पत्र; किसी चीज के बारे में विचार प्रकट करता कोई अनुच्छेद; या संभवतः कोई वर्णन चुन सकते हैं।
2. कक्षा में सम्मुख, लेखन कार्य करने में अपने छात्र–छात्राओं की मदद करने के लिए ऊपर वर्णित तकनीकों में से एक का चयन करें। अपने छात्र–छात्राओं के स्तर और अपने द्वारा चुनी गई तकनीक पर निर्भर करते हुए, आप छूटे हुए शब्दों वाला कोई पाठ, कोई मॉडल या कोई लेखन ढाँचा तैयार करेंगे।
   आप इसे चार्ट पेपर की एक बड़ी शीट पर लिख सकते हैं और उसे ब्लैकबोर्ड पर चिपका सकते हैं, या संभव हो तो उसे कक्षा में ब्लैकबोर्ड पर लिख सकते हैं।
3. अपने छात्र–छात्राओं से आपके द्वारा मार्गदर्शक के रूप में तैयार किए गए संसाधन का उपयोग करते हुए लेखन कार्य को शुरू करने को कहें। जब छात्र–छात्रा काम कर रहे हों, तब जरूरत होने पर मदद करने के लिए कमरे में घूमें। अपने छात्र–छात्राओं को एक समय सीमा दें।
4. जब वे तैयार हो जाएं, तो दो या तीन छात्र–छात्राओं से अपना काम पढ़कर सुनाने को कहें। शेष कक्षा को सुनकर यह देखना चाहिए कि क्या उन्होंने ऐसा ही कुछ या अलग अलग लिखा है। अन्य छात्र–छात्राओं से टिप्पणियाँ करने और जोड़ने को कहें।

ज़रा सोचिए

इस गतिविधि को आजमाने के बाद यहाँ आपके विचार करने के लिए कुछ प्रश्न दिए गए हैं। यदि संभव हो, तो इन प्रश्नों की चर्चा किसी सहकर्मी के साथ करें।

इस गतिविधि को अपने छात्र–छात्राओं के साथ आजमाने के बाद, निम्नलिखित प्रश्नों के बारे में सोचें:

- क्या उन्हें यह आसान या कठिन लगा?
- क्या कोई आम गलतफ़हमियाँ हुईं? यदि ऐसा हुआ था, तो आप भविष्य में उनकी मदद कैसे कर सकते हैं?

याद रखें कि किसी दूसरी भाषा में लिखना कठिन होता है – इसके बारे में इतना सोचना जो पड़ता है! सकारात्मक और प्रोत्साहक बनें, और अपने छात्र–छात्राओं को बताएं कि लिखने का तरीका सीखने के लिए उन्हें अभ्यास करने की जरूरत पड़ेगी। यदि आपके अधिकांश छात्र–छात्राओं को कठिनाई हुई, तो अगली बार उन्हें उनकी जरूरत की अधिक भाषा देकर उनकी सहायता करें, और क्या कहना है इस बारे में विचार देकर उनकी मदद करें। आपको इस बारे में अधिक विचार इकाई *समग्र-कक्षा लेखन दिनचर्याएं* में मिल सकते हैं।

4 अपने छात्र–छात्राओं के लेखन कार्य में सुधार को व्यवस्थित करना

जब छात्र–छात्रा स्वतंत्र रूप से लिखते हैं, तब वे उससे अधिक गलतियाँ करेंगे जो वे नकल करते समय या याद किए हुए पाठों को लिखते समय करते हैं। आपको लग सकता है कि आपके छात्र–छात्रा उतनी अच्छी तरह से काम नहीं कर रहे हैं। तथापि, गलतियाँ करना भाषा सीखने की प्रक्रिया का स्वाभाविक हिस्सा है और इस बात का संकेत है कि आपके छात्र–छात्रा भाषा को सीख रहे हैं और आत्मसात कर रहे हैं। आप इन गलतियों का उपयोग अपने छात्र–छात्राओं की भाषा को सीखने की प्रक्रिया में सहायता करने के अवसर के रूप में कर सकते हैं।

छात्र–छात्राओं को उनके लेखन पर सकारात्मक और उत्साहवर्द्धक प्रतिक्रिया देने से उन्हें अपने लेखन को सीखने और सुधारने में मदद मिल सकती है। आप सोच सकते हैं कि, आपके सभी छात्र–छात्राओं के लिखित काम को सुधारना कठिन है, खास तौर पर यदि आपकी कक्षा बड़ी है। आपको लग सकता है कि प्रत्येक छात्र–छात्रा के काम को देखने के लिए पर्याप्त समय उपलब्ध नहीं है या बहुत सारी अलग अलग गलतियों से निपटने की जरूरत है। ये सब आम समस्याएं हैं जिनका सामना शिक्षक/शिक्षिका करते हैं, चाहे वे किसी भी स्तर के छात्र–छात्राओं को पढ़ाते हों। तथापि, ऐसे कुछ तरीके हैं जिनसे आप छात्र–छात्राओं के काम को सही करने के काम को अधिक आसान बना सकते हैं:

- याद रखें कि हर बार जब वे लिखें तब हर छात्र–छात्रा के काम की जाँच करना आपके लिए जरूरी नहीं है। आप कुछ समय में कुछ छात्र–छात्राओं के काम को सही करने और उसकी समीक्षा करने का निश्चय कर सकते हैं। समय के बीतने के साथ, आपको हर छात्र–छात्रा के काम को सुधारने और उसकी समीक्षा करने का मौका मिलेगा। आकलन के प्रयोजनों के लिए अपने छात्र–छात्राओं के काम के रिकार्ड रखें।
- यदि लेखन के अभ्यास सरल हैं (उदाहरण के लिए, बोध संबंधी प्रश्नों या व्याकरण के अभ्यासों के लघु उत्तर), आप सही उत्तरों को ब्लैकबोर्ड पर लिख सकते हैं या उन्हें पढ़कर सुना सकते हैं और छात्र–छात्रा स्वयं अपने या अपने बगल वाले छात्र–छात्रा के काम को सही कर सकते हैं। इससे उन्हें अपने स्वयं के लेखन और उन्हें कहाँ सुधार करना है इस बात का बेहतर बोध मिलता है।
- अपने छात्र–छात्राओं से कभी-कभी जोड़ियों या समूहों में लेखन गतिविधियाँ करवाएं। इसका मतलब है कि छात्र–छात्रा अपने विचारों को साझा कर सकते हैं, और एक दूसरे की मदद कर सकते हैं। वे कोई पाठ मिलकर लिख सकते हैं, जिसका मतलब है कि आपके सही करने के लिए काम कम होगा।

- यद्यपि हर छात्र–छात्रा अलग होते हैं और उन्हे कम या अधिक सहायता की जरूरत पड़ सकती है, फिर भी ऐसी गलतियाँ हो सकती हैं जो आपके छात्र–छात्राओं के समूह में आम हों – आप इन पर ध्यान देकर उनकी प्रगति में मदद कर सकते हैं। जब आपके छात्र–छात्रा लिख रहे हों, तब कमरे में घूमें और आम, सामान्य गलतियाँ नोट करें। गलतियों वाले कुछ वाक्य ब्लैकबोर्ड पर लिखें (नाम बताए बिना) और अपने छात्र–छात्राओं से गलतियों को पहचानने और उन्हें सुधारने को कहें।

- बस कुछ गलतियों पर ध्यान केंद्रित करें – शायद एक बार कालों (Tenses) पर जोर देते हुए और दूसरी बार विराम चिह्नों या व्याकरण पर। आप अपनी समझ के अनुसार जिसे चाहें उसे प्राथमिकता देने का निश्चय कर सकते हैं। अपने छात्र–छात्राओं को बताएं कि आप किस बात पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं – कोई बात नहीं यदि वे सही करने के लिए अन्य गलतियों की पहचान करते हों। सुनिश्चित करें कि उन्हें पता हो कि आप गलतियों को नज़रअंदाज नहीं कर रहे हैं।

- अपने छात्र–छात्राओं से उनकी नोटबुकों में उन गलतियों की एक सूची बनवाएँ जो वे बार-बार करते हैं। फिर वे जब भी वे लिखते हों तब इस सूची में देख सकते हैं। इससे छात्र–छात्राओं को अधिक स्वतंत्र बनने में मदद मिलती है और उन्हें क्या सुधार करना चाहिए इस बात का बेहतर बोध मिलेगा। यह उन चीजों की एक त्वरित 'जाँचसूची' का काम भी कर सकती है जिन पर उन्हें अपने लेखन में सुधार करने के लिए अधिक ध्यान देने की जरूरत है।

- गलतियों की ओर सकारात्मक रूख बनाए रखें और अपने छात्र–छात्राओं में भी इसे बढ़ावा दें। गलतियाँ करने के लिए छात्र–छात्राओं को दंडित नहीं करें। याद रखें कि नई भाषा में लिखते समय छात्र–छात्राओं का गलतियाँ करना सामान्य बात है, और गलतियाँ दर्शाती हैं कि वे सीख रहे हैं। अपने छात्र–छात्राओं को याद दिलाएं कि हर कोई कभी न कभी गलतियाँ करता है – जिसमें आप भी शामिल हैं!

- अपने छात्र–छात्राओं को जितना अधिक संभव हो स्वतंत्र रूप से लिखने के लिए प्रोत्साहित करें – और उसका आनंद लेने में उनकी मदद करें। उन्हें लिखने में और भी अधिक आनंद आएगा यदि वे देखते हैं कि इससे उन्हें विद्यालय से परे जीवन में मदद मिल सकती है, और यदि उन्हें अपने स्वयं के विचारों को व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। यदि वे अंग्रेजी में लिखने के महत्व को देख सकें, तो इससे उन्हें अधिक अभ्यास करने और इस तरह अधिक सीखने की प्रेरणा मिलेगी।

गतिविधि 3: अपने छात्र–छात्राओं के लिखित काम को सुधारना

अपने छात्र–छात्राओं के लिखित काम को सुधारने के प्रबंधन के लिए आप विविध प्रकार की तकनीकों का उपयोग कर सकते हैं। नीचे दी गई तालिका 1 के समान फार्म का उपयोग करके योजना बनाएं कि आप इसे अगले पूरे महीने कैसे करने जा रहे हैं। इस संबंध में कार्यनीतियों के बारे में सोचना याद रखें कि फीडबैक इस बात पर केंद्रित हो कि छात्र–छात्रा कैसे सुधार कर सकते हैं और फिर इस फीडबैक का उपयोग कैसे करना है।

तालिका 1: *अपने छात्र–छात्राओं के लिखित काम को सुधारना।*

कक्षा और पाठ:				
सप्ताह	**सुधारा जाने वाला लिखित काम**	**मैं इसे कैसे सही करूँगा?**	**मैं किसके काम को सही करूँगा?**	**इसे कैसे आगे ले जाया जाये?**
1				
2				
3				
4				

तलिका 2 में एक पूरे किए गए फार्म का उदाहरण दर्शाया गया है।

तालिका 2: *अपने छात्र–छात्राओं के लिखित काम को सुधारना – पूरा किया गया उदाहरण।*

कक्षा और पाठ:		Class X, *Beehive* Chapter 5, 'The Snake and the Mirror'		
सप्ताह	**सुधारा जाने वाला लिखित काम**	**मैं इसे कैसे सही करूँगा?**	**मैं किसके काम को सही करूँगा?**	**इसे कैसे आगे ले जाया जाये?**
1	पाठ के बारे में प्रश्नों के उत्तर देना छात्र–छात्रा जोड़ियों में उत्तर लिखते हैं	जब छात्र–छात्रा लिख रहे हों तब कमरे में घूमें और जितनी संभव हो उनके उतने उत्तरों को सही करें पूरी कक्षा के साथ सही उत्तरों की समीक्षा करना	मैंने काफी समय से कमरे के पीछे बैठे छात्र–छात्राओं को नहीं देखा है – मैं उनके काम पर एक नज़र डालूँगा	जो छात्र–छात्रा कठिनाई में लगते हैं उन्हें अतिरिक्त सहायता दें
2	रिर्पोटेड स्पीच पर व्याकरण का अभ्यास	ब्लैकबोर्ड पर सही उत्तर लिखें छात्र अपने स्वयं के काम को सही करते हैं		छात्र–छात्राओं को इस बात का बोध होता है कि क्या उन्हें इस क्षेत्र में अधिक काम करने की जरूरत है जिन्हें जरूरत हो उन्हें आगे का अभ्यास सुझाएं
3	जोड़ी में लिखवाना	छात्र–छात्रा एक दूसरे के काम को सही करने के लिए पाठ्यपुस्तक का उपयोग करते हैं		छात्र–छात्रा स्पेलिंग की गलतियों को नोट करके उन पर काम करते हैं
4	चित्र के आधार पर कहानी लिखना छात्र–छात्रा जोड़ियों में कहानियाँ लिखते हैं	दस जोड़ियों से कहानियाँ लें और उन्हें सही करें	नाम: राजू, निमिषा, अब्दुल, आलिया, नीलम, ब्रजेश, सुमन, अशरफ, रवींदर, रीना	छात्र–छात्राओं को भूत काल के साथ समस्याएं हुईं अगली कक्षा में समीक्षा करें

ज़रा सोचिए

अपनी योजना का पालन एक महीने तक करने के बाद, इन प्रश्नों के उत्तर दें:

- योजना का पालन करना कितना आसान था? यदि वह आसान नहीं था, तो आप उसे कैसे बदल सकते हैं?
- आप अपने छात्र–छात्राओं के कितने काम की समीक्षा करने और सही करने में सफल रहे?

इस तरह की योजनाएं बनाना उपयोगी होता है ताकि आपको पता रहे कि आपके छात्र–छात्रा कब लिखित काम करने जा रहे हैं, और आप विभिन्न छात्र–छात्राओं के काम की समीक्षा कर सकें। महीनों के बीतने के साथ, आप अपने सारे छात्र–छात्राओं के काम की समीक्षा और उनकी प्रगति का अनुश्रवण करेंगे। इस तरह आप और उन्हें दोनों को अपनी शक्तियों और सुधार के लिए क्षेत्रों का बेहतर बोध मिलेगा, और आप देख सकेंगे कि आपको अपने अध्यापन को कहाँ पर केंद्रित करने की जरूरत है। लिखित काम को सही करने, प्रतिक्रिया देने और उसका उपयोग आकलन के प्रयोजनों के लिए करने के बारे में जानकारी के लिए इकाई *निर्माणात्मक आकलन के माध्यम से भाषा सीखने में सहायता करना* देखें।

यदि आपकी योजना ने उस तरह से काम नहीं किया है जैसी आपको उससे उम्मीद थी, तो एक और योजना बनाएं और कुछ अलग तकनीकों को आजमाएं – देखें कि आप और आपकी कक्षा के लिए क्या चीज सर्वोत्तम ढंग से काम करती है। महत्वपूर्ण चीज है अपने छात्र–छात्राओं को यथा संभव सकारात्मक और प्रोत्साहक प्रतिक्रिया देने का प्रयास करते रहना ताकि वे सुधार करना जारी रख सकें।

5 सारांश

पाठों को देखकर और याद कर लिखने से हटकर उनके अपने उत्तर और रचनाएं लिखने में आप अपने छात्र–छात्राओं की मदद कर सकते हैं। बोध संबंधी प्रश्नों के लिए उनके अपने उत्तरों की रचना करने में आप उनकी मदद निम्न तरह से कर सकते हैं:

- उन्हें अपने उत्तरों के बारे में सोचने के लिए समय देकर
- अपने उत्तरों पर चर्चा करके उनकी रचना करने के लिए उन्हें समूहों में काम करने को प्रोत्साहित करके
- ऐसे मॉडल और लेखन ढाँचे प्रदान करके जिन्हें वे अपनी क्षमताओं और आत्मविश्वास के अनुसार ढाल सकते हैं।

अगर वे अपने स्वयं के शब्दों का प्रयोग करके लिखते हैं तो वे अधिक गलतियाँ करेंगे, लेकिन यह सीखने की प्रक्रिया का अंग है। अपने छात्र–छात्राओं के लिखित काम के प्रबंधन करने के लिए आप अलग अलग कार्यनीतियों का उपयोग कर सकते हैं और उनकी गलतियों को सीखने के अवसरों के रूप में उपयोग में ला सकते हैं।

समय के साथ और अभ्यास से, आपके छात्र–छात्रा उस आत्मविश्वास और कौशल का विकास करेंगे जिनकी अंग्रेजी में स्वतंत्र रूप से पाठों को लिखने के लिए उनको जरूरत पड़ती है।

यदि आप अंग्रेजी में स्वयं अपने लेखन कौशलों का विकास करना चाहते हैं, तो संसाधन **4** देखें। यदि आप लेखन पढ़ाने के बारे में अधिक पढ़ने में रुचि रखते हैं, तो अतिरिक्त संसाधन खंड देखें।

इस विषय पर अन्य माध्यमिक अंग्रेजी शिक्षक विकास इकाइयाँ ये हैं:

- *अपने लेखन कौशलों को विकसित करने में छात्र–छात्राओं की मदद करना.* इस इकाई में आप अधिक लंबे पाठ लिखने में छात्र–छात्राओं की सहायता करने, और अपने लेखन कौशलों को विकसित करने में उनकी मदद करने के तरीकों के बारे में अधिक सीख सकते हैं।
- *रचनात्मक आकलन के माध्यम से भाषा सीखने में सहायता करना:* इस इकाई में आप लिखित काम पर प्रतिक्रिया देने और उसका आकलन करने के बारे में सीख सकते हैं।

संसाधन

संसाधन 1: समूहकार्य का उपयोग करना

समूहकार्य एक व्यवस्थित एवं सक्रिय, अध्यापन कार्यनीति है जो छात्र–छात्राओं के छोटे समूहों को एक आम लक्ष्य की प्राप्त के लिए मिलकर काम करने के लिए प्रोत्साहित करती है। ये छोटे समूह संरचित गतिविधियों के माध्यम से अधिक सक्रिय और अधिक प्रभावी सीखने की प्रक्रिया को बढ़ावा देते हैं।

समूह में कार्य करना

छात्र–छात्राओं को सोचने, संवाद कायम करने, समझने और विचारों का आदान-प्रदान करने और निर्णय लेने के लिए प्रोत्साहित करके सीखने हेतु उन्हें प्रेरित करने का बहुत ही प्रभावी तरीका हो सकता है। आपके दूसरों को सिखा भी सकते हैं और उनसे सीख भी सकते हैं: यह सीखने का एक सशक्त और सक्रिय तरीका है।

समूहकार्य में छात्र–छात्राओं का समूहों में बैठना ही काफी नहीं होता है; इसमें स्पष्ट उद्देश्य के साथ सीखने के साझा कार्य पर काम करना और उसमें योगदान करना शामिल होता है। आपको इस बात को लेकर स्पष्ट होना होगा कि आप सीखने के लिए समूहकार्य का उपयोग क्यों कर रहे हैं और जानना होगा कि यह भाषण देने, जोड़ी में कार्य या छात्र–छात्राओं के स्वयं अपने बलबूते पर कार्य करने के ऊपर तरजीह देने योग्य क्यों है। इस तरह समूहकार्य को सुनियोजित और प्रयोजनपूर्ण होना चाहिए।

समूहकार्य को नियोजित करना

आप समूहकार्य का उपयोग कब और कैसे करेंगे यह इस बात पर निर्भर करेगा कि पाठ के अंत तक आप कौन सी सीखने की प्रक्रिया पूरी करना चाहते हैं। समूहकार्य को आप अध्ययन के आरंभ, अंत या उसके बीच में शामिल कर सकते हैं, लेकिन आपको इसके लिए पर्याप्त समय देना होगा। आपको उस काम के बारे में जो आप अपने छात्र–छात्राओं से पूरा करवाना चाहते हैं और समूहों को संगठित करने के सर्वोत्तम तरीके के बारे में सोचना होगा।

यदि आप निम्न के बारे में पहले से योजना बनाते हैं तो एक शिक्षक के रूप में, आप सुनिश्चित कर सकते हैं कि समूहकार्य सफल हो:

- सामूहिक गतिविधि के लक्ष्य और अपेक्षित परिणाम
- गतिविधि के लिए आबंटित समय, जिसमें कोई भी प्रतिक्रिया या सारांश कार्य शामिल है
- समूहों को कैसे बाँटें (कितने समूह, प्रत्येक समूह में कितने छात्र, समूहों के लिए मापदंड)
- समूहों को कैसे संगठित करें (समूह के विभिन्न सदस्यों की भूमिका, आवश्यक समय, सामग्रियाँ, रिकार्ड करना और रिपोर्ट करना)
- कोई भी आकलन कैसे किया और रिकार्ड किया जाएगा (व्यक्तिगत आकलनों को सामूहिक आकलनों से अलग पहचानने का ध्यान रखें)
- समूहों की गतिविधियों का आप कैसे अनुश्रवण करेंगे।

समूहकार्य के काम

वह काम जो आप अपने छात्र–छात्राओं को पूरा करने को कहते हैं वह इस पर निर्भर होता है कि आप उन्हें क्या सिखाना चाहते हैं। समूहकार्य में भाग लेकर, वे एक-दूसरे को सुनने, अपने विचारों को समझाने और आपसी सहयोग से काम करने जैसे कौशल सीखेंगे। तथापि, उनके लिए मुख्य लक्ष्य है जो विषय आप पढ़ा रहे हैं उसके बारे में कुछ सीखना। कार्यों के कुछ उदाहरणों में निम्नलिखित शामिल हो सकते हैं:

- **प्रस्तुतिकरण:** छात्र–छात्रा समूहों में काम करके शेष कक्षा के लिए प्रस्तुतिकरण तैयार कर सकते हैं। यह तब सबसे बढ़िया काम करता है जब प्रत्येक समूह के पास विषय का अलग अलग पहलू होता है, ताकि उन्हें एक ही विषय को कई बार सुनने की बजाय एक दूसरे की बात सुनने के लिए प्रेरित किया जा सके। प्रस्तुतिकरण करने के लिए प्रत्येक समूह को दिए गए समय के बारे में काफी सख्ती बरतें और अच्छे प्रस्तुतिकरण के लिए मापदंडों का एक समुच्चय तय करें। इन्हें पाठ से पहले बोर्ड पर लिखें। छात्र–छात्रा मापदंडों का उपयोग अपने प्रस्तुतिकरण की योजना बनाने और एक दूसरे के काम का आकलन करने के लिए कर सकते हैं। मापदंडों में निम्नलिखित शामिल हो सकते हैं:
  - क्या प्रस्तुतिकरण स्पष्ट था?
  - क्या प्रस्तुतिकरण सुसंरचित था?
  - क्या प्रस्तुतिकरण से मैंने कुछ सीखा?
  - क्या प्रस्तुतिकरण ने मुझे सोचने पर मजबूर किया?
- **समस्या का हल करना:** छात्र–छात्रा किसी समस्या या समस्याओं की शृंखला को हल करने के लिए समूहों में काम करते हैं। इसमें विज्ञान में प्रयोग करना, गणित में समस्याओं को हल करना, अंग्रेजी में किसी कहानी या कविता का विश्लेषण करना, या इतिहास में प्रमाण का विश्लेषण करना शामिल हो सकता है।
- **किसी शिल्पकृति या उत्पाद का सृजन करना:** छात्र–छात्रा किसी कहानी, नाटक के अंश, संगीत के अंश, किसी अवधारणा को समझाने के लिए मॉडल, किसी मुद्दे पर समाचार रिपोर्ट या जानकारी का सारांश बनाने या किसी अवधारणा को समझाने के लिए पोस्टर को विकसित करने के लिए समूहों में काम करते हैं। नए विषय के आरंभ में विचारमंथन या दिमागी नक्शा बनाने के लिए समूहों को पाँच मिनट देकर आप इस बारे में बहुत कुछ जान सकेंगे कि उन्हें पहले से क्या पता है, और इससे पाठ को उपयुक्त स्तर पर स्थापित करने में आपको मदद मिलेगी।
- **विभेदित काम:** समूहकार्य अलग–अलग उम्रों या दक्षता स्तरों वाले छात्र–छात्राओं को किसी उपयुक्त काम पर मिलकर काम करने का अवसर प्रदान करता है। उच्चतर दक्षता वालों को काम को स्पष्ट करने के अवसर से लाभ मिल सकता है, जबकि कमतर दक्षता वाले छात्र–छात्राओं को कक्षा की बजाय समूह में प्रश्न पूछना अधिक आसान लग सकता है, और वे अपने सहपाठियों से सीख पायेंगे।
- **चर्चा:** छात्र–छात्रा किसी मुद्दे पर विचार करते हैं और एक निष्कर्ष पर पहुँचते हैं। इसके लिए आपकी ओर से काफी तैयारी की जरूरत पड़ सकती है ताकि सुनिश्चित हो कि छात्र–छात्राओं के पास विभिन्न विकल्पों पर विचार करने के लिए पर्याप्त ज्ञान है, लेकिन किसी चर्चा या वाद-विवाद को आयोजित करना आप और उन, दोनों के लिए बहुत लाभदायक हो सकता है।

समूहों को संगठित करना

चार या आठ के समूह आदर्श होते हैं लेकिन यह आपकी कक्षा के आकार, भौतिक पर्यावरण और फर्नीचर, तथा आपकी कक्षा की दक्षता और उम्र के दायरे पर निर्भर करेगा। आदर्श रूप से समूह में हर एक को एक दूसरे से मिलने, बिना चिल्लाए बातचीत करने और समूह के परिणाम में योगदान करना चाहिए।

- तय करें कि आप छात्र–छात्राओं को कैसे और क्यों समूहों में विभाजित करेंगे; उदाहरण के लिए, आप समूहों को मित्रता, रुचि या मिश्रित दक्षता के अनुसार विभाजित कर सकते हैं। अलग अलग तरीकों से प्रयोग करें और समीक्षा करें कि प्रत्येक कक्षा के लिए क्या सर्वोत्तम ढंग से काम करता है।
- इस बात की योजना बनाएं कि समूह के सदस्यों को आप क्या भूमिकाएं देंगे (उदाहरण के लिए, नोट्स लेने वाला, प्रवक्ता, टाइम कीपर या साधनों का संग्रहकर्ता), और इसे कैसे स्पष्ट करेंगे।

समूहकार्य का प्रबंधन करना

समूहकार्य का अच्छा प्रबंधन करने के लिए आप दिनचर्याएं और नियम निर्धारित कर सकते हैं। जब आप समूहकार्य का नियमित रूप से उपयोग करते हैं, तब छात्र–छात्राओं को पता चल जाता है कि आप क्या चाहते हैं और वे उसे आनंददायी पाते हैं। आरंभ में टीमों और समूहों में मिलकर काम करने के लाभों को पहचानने के लिए कक्षा के साथ काम करना एक अच्छा विचार होता है। आपको चर्चा करनी चाहिए कि अच्छे समूहकार्य का व्यवहार क्या होता है और संभव हो तो 'नियमों' की एक सूची बना सकते हैं जिसे प्रदर्शित किया जा सकता है; उदाहरण के लिए, 'एक दूसरे के लिए सम्मान', 'सुनना', 'एक दूसरे की सहायता करना', 'एक विचार से अधिक को आजमाना' आदि।

समूहकार्य के बारे में स्पष्ट मौखिक अनुदेश देना महत्वपूर्ण है जिसे ब्लैकबोर्ड पर संदर्भ के लिए लिखा भी जा सकता है। आपको:

- अपनी योजना के अनुसार अपने छात्र–छात्राओं को उन समूहों की ओर निर्देशित करना होगा जिनमें वे काम करेंगे। ऐसा आप शायद कक्षा में ऐसे स्थानों को निर्दिष्ट करके कर सकते हैं जहाँ वे काम करेंगे या किसी फर्नीचर या विद्यालय के बैगों को हटाने के बारे में अनुदेश देकर कर सकते हैं।
- कार्य के बारे में बहुत स्पष्ट होना और उसे बोर्ड पर लघु अनुदेशों या चित्रों के रूप में लिखना चाहिए। अपने शुरू करने से पहले छात्र–छात्राओं को प्रश्न पूछने की अनुमति प्रदान करें।

पाठ के दौरान, कमरे में घूमकर देखें और जाँचें कि समूह किस प्रकार काम कर रहे हैं। यदि वे कार्य से भटक रहे हैं या अटक रहे हैं तो जहाँ जरूरत हो वहाँ सलाह प्रदान करें।

आप कार्य के दौरान समूहों को बदलना चाह सकते हैं। जब आप समूहकार्य के बारे में आत्मविश्वास महसूस करने लगें तब दो तकनीकें आजमाई जा सकती हैं – बड़ी कक्षा को प्रबंधित करते समय ये खास तौर पर उपयोगी होती हैं:

- **'विशेषज्ञ समूह':** प्रत्येक समूह को अलग–अलग कार्य दें, जैसे विद्युत उत्पन्न करने के एक तरीके पर शोध करना या किसी नाटक के लिए किरदार विकसित करना। एक उपयुक्त समय के बाद, समूहों को पुनर्गठित करें ताकि हर नया समूह सभी मूल समूहों से आए एक 'विशेषज्ञ' से बने। फिर उन्हें ऐसा काम दें जिसमें सभी विशेषज्ञों के ज्ञान की तुलना करना शामिल हो जैसे निश्चय करना कि किस तरह के पॉवर स्टेशन का निर्माण करना है या नाटक के अंश को तैयार करने का निर्णय करना।
- **'दूत':** यदि काम में कुछ बनाना या किसी समस्या का हल करना शामिल है, तो कुछ देर बाद, हर समूह से किसी अन्य समूह को एक दूत भेजने को कहें। वे विचारों या समस्या के हलों की तुलना कर सकते हैं और फिर वापस अपने समूह को सूचित कर सकते हैं। इस तरह से, समूह एक दूसरे से सीख सकते हैं।

काम के अंत में, इस बात का सारांश बनाएं कि क्या सीखा गया है और नज़र आने वाली गलतफहमियों को सही करें। आप चाहें तो हर समूह की प्रतिक्रिया सुन सकते हैं, या केवल उन एक या दो समूहों से पूछ सकते हैं जिनके पास आपको लगता है कि अच्छे विचार हैं। छात्र–छात्राओं की रिपोर्टिंग को संक्षिप्त रखें और उन्हें अन्य समूहों के काम पर प्रतिक्रिया देने को प्रोत्साहित करें, जिसमें उन्हें पहचानना चाहिए कि क्या अच्छी तरह से किया गया है, क्या दिलचस्प था और किसे आगे और विकसित किया जा सकता है।

यदि आप अपनी कक्षा में समूहकार्य को अपनाना चाहते हैं तो भी आपको कभी-कभी इसका नियोजन कठिन लग सकता है क्योंकि कुछ छात्र–छात्रा:

- सक्रिय सीखने की प्रक्रिया का प्रतिरोध करते हैं और उसमें संलग्न नहीं होते
- हावी होने लगते हैं
- खराब अंतर्वैयक्तिक कौशलों या आत्मविश्वास के अभाव के कारण भाग नहीं लेते हैं।

समूहकार्य में प्रभावी बनने के लिए, शिक्षण के परिणाम कितनी हद तक पूरे हुए और आपके छात्र–छात्राओं ने कितनी अच्छी तरह से प्रतिक्रिया की (क्या वे सभी लाभान्वित हुए?) जैसी बातों पर विचार करने के अलावा, उपरोक्त सभी बिंदुओं पर विचार करना महत्वपूर्ण होता है। समूह के काम, संसाधनों, समय-सारणियों या समूहों की रचना में किसी भी समायोजन पर विचार करें और सावधानीपूर्वक उनकी योजना बनाएं।

शोध ने सुझाया है कि समूहों में सीखने की प्रक्रिया को हर समय ही छात्र–छात्राओं की उपलब्धि पर सकारात्मक प्रभावों से युक्त होना जरूरी नहीं है, इसलिए आप हर पाठ में इसका उपयोग करने के लिए बाध्य नहीं हैं। आप चाहें तो समूहकार्य का उपयोग एक पूरक तकनीक के रूप में कर सकते हैं, उदाहरण के लिए विषय परिवर्तन के बीच अंतराल या कक्षा में चर्चा को अकस्मात शुरु करने के साधन के रूप में कर सकते हैं। इसका उपयोग विवाद को हल करने या कक्षा में अनुभवजन्य शिक्षण गतिविधियाँ और समस्या का हल करने के अभ्यास शुरू करने या विषयों की समीक्षा करने के लिए भी किया जा सकता है।

संसाधन 2: एक पत्र का नमूना लेखन ढाँचा जिसका उपयोग आप अपने छात्र–छात्राओं को स्वतंत्र रूप से लेखन में मदद करने के लिए कर सकते हैं

सेवा में,

प्रधानाध्यापिका,
डी.डी.बी गर्ल्स उच्च विद्यालय,
गोलाघाट

दिनांक: 1 जून 2014

विषय: अनुपस्थिति की छुट्टी के लिए अनुरोध

महोदया,

मैं आपको सूचित करना चाहती हूँ कि मैं 28 और 29 मई 2014 को अपनी कक्षाओं में उपस्थित नहीं हो सकी क्योंकि मैं बुखार से पीड़ित थी। आपके विचार करने के लिए एक मेडिकल प्रमाणपत्र इस आवेदन पत्र के साथ संलग्न है।

मुझे आशा है आप इन दो दिनों के लिए मुझे अनुपस्थिति की छुट्टी देने की कृपा करेंगे।

आपकी विश्वासी,

वर्षा कुमारी
रोल नं. 32
कक्षा 9 ए

संसाधन 3: अनुश्रवण करना और प्रतिपुष्टि (फीडबैक) देना

छात्र–छात्राओं के कार्यप्रदर्शन में सुधार करने में लगातार अनुश्रवण करना और उन्हें प्रतिपुष्टि (फीडबैक) देना शामिल होता है, ताकि उन्हें पता रहे कि उनसे क्या अपेक्षित है और उन्हें कामों का पूरा करने पर फीडबैक प्राप्त हो। आपकी रचनात्मक प्रतिपुष्टि (फीडबैक) के माध्यम से वे अपने कार्यप्रदर्शन में सुधार कर सकते हैं।

अनुश्रवण करना

प्रभावी शिक्षक/शिक्षिका अधिकांश समय अपने छात्र–छात्राओं की अनुश्रवण (monitoring) करते हैं। सामान्य तौर पर, अधिकांश शिक्षक/शिक्षिका अपने छात्र–छात्राओं के काम का अनुश्रवण वे कक्षा में जो कुछ करते हैं उसे सुनकर और देखकर करते हैं। छात्र–छात्राओं की प्रगति का अनुश्रवण करना महत्वपूर्ण होता है क्योंकि इससे उन्हें निम्नलिखित में मदद मिलती है:

- अधिक ऊँचे ग्रेड प्राप्त करना
- अपने कार्यप्रदर्शन के बारे में अधिक सजग रहना और अपनी सीखने की प्रक्रिया के प्रति अधिक जिम्मेदार होना
- अपनी सीखने की प्रक्रिया में सुधार करना
- प्रादेशिक और स्थानीय मानकीकृत परीक्षाओं में उपलब्धि का पूर्वानुमान करना।

इससे आपको एक शिक्षक/शिक्षिका के रूप में निम्नलिखित तय करने में भी मदद मिलती है:

- कब प्रश्न पूछें या प्रोत्साहित करें
- कब प्रशंसा करें
- चुनौती दें या नहीं
- एक काम में छात्र–छात्राओं के अलग–अलग समूहों को कैसे शामिल करें
- गलतियों के विषय में क्या करें।

छात्र–छात्रा सबसे अधिक सुधार तब करते हैं जब उन्हें अपनी प्रगति के बारे में स्पष्ट और शीघ्र प्रतिपुष्टि (फीडबैक) दिया जाता है। अनुश्रवण करने से, आप छात्र–छात्राओं को नियमित प्रतिपुष्टि (फीडबैक) देने, उन्हें यह बताने कि वे कैसे काम कर रहे हैं और उनके सीखने की प्रकिया को उन्नत करने में उन्हें किस अन्य चीज की जरूरत है, में सक्षम हो पाते हैं।

आपके सामने आने वाली चुनौतियों में से एक होगी अपने छात्र–छात्राओं की उनके स्वयं के सीखने के लक्ष्यों को तय करने में मदद करना, जिसे स्व–अनुश्रवण भी कहा जाता है। छात्र–छात्रा, विशेष तौर पर, कठिनाई अनुभव करने वाले छात्र–छात्रा, अपनी स्वयं की सीखने की प्रक्रिया का बोझ उठाने के आदी नहीं होते हैं। लेकिन आप किसी परियोजना के लिए अपने स्वयं के लक्ष्य या उद्देश्य तय करने, अपने काम की योजना बनाने और समय सीमाएं तय करने, और अपनी प्रगति की स्व-अनुश्रवण करने में किसी भी छात्र की मदद कर सकते हैं। स्व-अनुश्रवण के कौशल की प्रक्रिया का अभ्यास और उसमें महारत हासिल करना उनके लिए विद्यालय और उनके सारे जीवन में उपयोगी साबित होगा।

छात्र–छात्राओं की बात सुनना और उन्हें ध्यान से देखना

अधिकांश समय, शिक्षक/शिक्षिका स्वाभाविक रूप से छात्र–छात्राओं को देखते हैं और उनकी बात सुनते हैं; यह अनुश्रवण करने का एक सरल साधन है। उदाहरण के लिए, आप:

- अपने छात्र–छात्राओं को ऊँची आवाज में पढ़ते समय सुन सकते हैं
- जोड़ियों या समूहकार्य में चर्चाएं सुन सकते हैं
- छात्र–छात्राओं को कक्षा के बाहर या कक्षा में संसाधनों का उपयोग करते देख सकते हैं
- समूहों के काम काम करते समय उनकी शारीरिक भाषा पर ध्यान दें।

सुनिश्चित करें कि आप जो विचार एकत्रित करते हैं वे छात्र–छात्राओं के सीखने की प्रक्रिया या प्रगति का सच्चा प्रमाण हो। सिर्फ वही बात रिकार्ड करें जो आप देख सकते हैं, सुन सकते हैं, उचित सिद्ध कर सकते हैं या जिस पर आप विश्वास कर सकते हैं।

जब छात्र–छात्रा काम करें, तब कमरे में घूमें और संक्षिप्त ऑबज़रवेशन नोट्स बनाएं। आप कक्षा सूची का उपयोग करके दर्ज कर सकते हैं कि किन छात्र–छात्राओं को अधिक मदद की जरूरत है, और किसी भी उभरती गलतफहमी को भी नोट कर सकते हैं। इन ऑबज़रवेशन और नोट्स का उपयोग आप सारी कक्षा को प्रतिपुष्टि (फीडबैक) देने या समूहों अथवा व्यक्ति विशेष को प्रेरित और प्रोत्साहित करने के लिए कर सकते हैं।

प्रतिपुष्टि (फीडबैक) देना

प्रतिपुष्टि (फीडबैक) वह जानकारी होती है जो आप किसी छात्र को यह बताने के लिए देते हैं कि उन्होंने किसी घोषित लक्ष्य या अपेक्षित परिणाम के संबंध में कैसा कार्य किया है। प्रभावी प्रतिपुष्टि (फीडबैक) छात्र–छात्रा को:

- जानकारी देता है कि क्या हुआ है
- इस बात का मूल्यांकन करता है कि कोई काम कितनी अच्छी तरह से किया गया
- मार्गदर्शन देता है कि कार्यप्रदर्शन को कैसे सुधारा जा सकता है।

जब आप हर छात्र–छात्रा को प्रतिपुष्टि (फीडबैक) देते हैं, तब उन्हें यह जानने में मदद करें कि:

- वे वास्तव में क्या कर सकते हैं
- वे अभी क्या नहीं कर सकते हैं
- उनका काम अन्य लोगों की तुलना में कैसा है
- वे कैसे सुधार कर सकते हैं।

यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि प्रभावी प्रतिपुष्टि (फीडबैक) छात्र–छात्राओं की मदद करता है। आप नहीं चाहते कि आपकी प्रतिपुष्टि (फीडबैक) के अस्पष्ट या अन्यायपूर्ण होने के कारण सीखने की प्रक्रिया में कोई रूकावट आए। प्रभावी प्रतिपुष्टि (फीडबैक):

- **हाथ में लिए गए काम और छात्र द्वारा सीखी जा रही बात पर संकेंद्रित** होता है
- **स्पष्ट और ईमानदार** होता है, और छात्र–छात्रा को बताता है कि उसके सीखने की प्रक्रिया के बारे में क्या अच्छी बात है और उसे कहाँ सुधार करना चाहिए
- **कार्यवाही के योग्य** होता है, और छात्र–छात्रा को ऐसा कुछ करने को कहता है जिसे करने में वे सक्षम होते हैं
- छात्र–छात्रा के समझ सकने योग्य **उपयुक्त भाषा** में दिया जाता है
- **सही समय** पर दिया जाता है – यदि वह बहुत जल्दी दिया गया तो छात्र सोचेगा 'मैं यही तो करने जा रहा था!'; बहुत देर से दिया गया तो छात्र का ध्यान और कहीं चला जाएगा और वह वापस लौटकर वह नहीं करना चाहेगा जिसके लिए उसे कहा गया है।

प्रतिपुष्टि (फीडबैक) चाहे बोल कर दिया जाए या छात्र–छात्राओं के वर्कबुकों में लिखा जाए, वह तभी अधिक प्रभावी होता है यदि वह नीचे दिए गए दिशानिर्देशों का पालन करता है।

प्रशंसा और सकारात्मक भाषा का उपयोग करना

जब हमारी प्रशंसा की जाती है और हमें प्रोत्साहित किया जाता है तो आमतौर पर हम उस समय के मुकाबले काफी अधिक बेहतर महसूस करते हैं, जब हमारी आलोचना की जाती है या हमारी गलती सुधारी जाती है। सुदृढ़ीकरण और सकारात्मक भाषा समूची कक्षा और सभी उम्र के व्यक्तियों के लिए प्रेरणादायक होती है। याद रखें कि प्रशंसा को विशिष्ट और स्वयं छात्र काम पर लक्षित होना चाहिए न कि छात्र पर, अन्यथा वह छात्र की प्रगति में मदद नहीं करेगी। 'शाबाश' विशिष्ट शब्द नहीं है, इसलिए निम्नलिखित में से कोई बात कहना बेहतर होगा:



संकेत देने के साथ-साथ सुधार का उपयोग करना

अपने छात्र–छात्राओं के साथ आप जो बातचीत करते हैं वह उनके सीखने की प्रक्रिया में मदद करती है। यदि आप उन्हें बताते हैं कि उनका उत्तर गलत है और संवाद को वहीं समाप्त कर देते हैं, तो आप सोचने और स्वयं प्रयास करने में उनकी मदद करने का अवसर खो देते हैं। यदि आप छात्र–छात्राओं को संकेत देते हैं या आगे कोई प्रश्न पूछते हैं, तो आप उन्हें अधिक गहराई से सोचने के लिए प्रेरित करते हैं और उत्तर खोजने तथा अपने स्वयं के सीखने का दायित्व लेने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करते हैं। उदाहरण के लिए, आप बेहतर उत्तर के लिए प्रोत्साहित या किसी समस्या पर किसी अलग दृष्टिकोण को प्रेरित करने के लिए निम्नलिखित जैसी बातें कह सकते हैं:

दूसरे छात्र–छात्राओं को एक दूसरे की मदद करने के लिए प्रोत्साहित करना उपयुक्त हो सकता है। आप यह काम निम्नलिखित जैसी टिप्पणियों के साथ शेष कक्षा के लिए अपने प्रश्नों को प्रस्तुत करके कर सकते हैं:

छात्र–छात्राओं को हाँ या नहीं के साथ सुधारना स्पेलिंग या संख्या के अभ्यास की तरह के कामों के लिए उपयुक्त हो सकता है, लेकिन यहां पर भी आप छात्र–छात्राओं को अपने उत्तरों के उभरते पैटर्न पर नजर डालने या समान उत्तरों से संबंध बनाने के लिए प्रेरित कर सकते हैं या चर्चा शुरू कर सकते हैं कि कोई उत्तर गलत क्यों है।

स्वयं सुधार करना और समकक्षों से सुधार करवाना प्रभावी होता है और आप इसे छात्र–छात्राओं से दिए गए कामों को जोड़ियों में करते समय स्वयं अपने और एक दूसरे के काम की जाँच करने को कहकर प्रोत्साहित कर सकते हैं। एक समय में एक पहलू को सही करने पर ध्यान केंद्रित करना सबसे अच्छा होता है ताकि भ्रम में डालने वाली ढेर सारी जानकारी न हो।

संसाधन 4: स्वयं अपनी अंग्रेज़ी का विकास करें

आपके अपने लेखन कौशलों को विकसित करने के लिए यहाँ कुछ सुझाव प्रस्तुत हैं:

- जितनी संभव हो उतनी अधिक अंग्रेजी पढ़ें। अच्छे लेखक अक्सर अच्छे पाठक भी होते हैं! यथासंभव अधिक पढ़ना अपनी शब्दावली और भाषा के उपयोग को विकसित करने में आपकी मदद करेगा।
- आपसे जितना अधिक संभव हो उतना अंग्रेजी में लिखें – खरीददारी की सूचियाँ, डायरियाँ, नोट्स – जो भी आपसे हो सके। इससे लेखन में आत्मविश्वास विकसित करने में आपको मदद मिलेगी, और आपकी वाक्पटुता विकसित होगी।
- याद रखें कि जब आप कुछ लिखते हैं तो अपना समय ले सकते हैं। आप जितने चाहें उतने मसौदे लिख सकते हैं, और अपने स्वयं के काम का संशोधन और संपादन कर सकते हैं।

और अपने लिखित काम को अपने समकक्षों के साथ साझा करना न भूलें। प्रतिक्रिया प्राप्त करना हमेशा एक अच्छा विचार होता है।

अतिरिक्त संसाधन

- Articles on writing: http://www.teachingenglish.org.uk/articles/writing
- 'Writing matters: getting started' by Adrian Tennant: http://www.onestopenglish.com/skills/writing/writing-matters/writing-matters-getting-started/154745.article
- 'Effective writing across the curriculum': http://orelt.col.org/module/unit/4-effective-writing-across-curriculum

संदर्भ/संदर्भग्रंथ सूची

National Council of Educational Research and Training (2006a) *Beehive: Textbook in English for Class XI*, National Council of Educational Research and Training. Available from: http://www.ncert.nic.in/NCERTS/textbook/textbook.htm (accessed 16 September 2014).

National Council of Educational Research and Training (2006b) *Honeydew: Textbook in English for Class VIII*, National Council of Educational Research and Training. Available from: http://www.ncert.nic.in/NCERTS/textbook/textbook.htm (accessed 16 September 2014).

अभिस्वीकृतियाँ

यह सामग्री क्रिएटिव कॉमन्स एट्रिब्यूशन-शेयरएलाइक लाइसेंस (http://creativecommons.org/licenses/by-sa/3.0/) के अंतर्गत उपलब्ध कराई गई है, जब तक कि अन्यथा निर्धारित न किया गया हो। यह लाइसेंस TESS-India, OU और

UKAID लोगो के उपयोग को वर्जित करता है, जिनका उपयोग केवल TESS-India परियोजना के भीतर अपरिवर्तित रूप से किया जा सकता है।

कॉपीराइट के स्वामियों से संपर्क करने का हर प्रयास किया गया है। यदि किसी को अनजाने में अनदेखा कर दिया गया है, तो पहला अवसर मिलते ही प्रकाशकों को आवश्यक व्यवस्थाएं करने में हर्ष होगा।

वीडियो (वीडियो स्टिल्स सहित): भारत भर के उन शिक्षक प्रशिक्षकों, प्रधानाध्यापकों, शिक्षकों और छात्र–छात्राओं के प्रति आभार प्रकट किया जाता है जिन्होंने उत्पादनों में दि ओपन यूनिवर्सिटी के साथ काम किया है।